राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, जोधपुर (राज.)

(कार्यालय आयुक्त, नगर निगम जोधपुर उत्तर एवं सदस्य सचिव (IRGY-Urban), जोधपुर,
कार्यालय पताः नगर निगम भवन, पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजिडेन्सी रोड, जोधपुर)
(टेली-फैक्सः 0291-2651483 ई-मेल आई. डी. nnjn.irgy@gmail.com वेब-साईटः www.urbanrajsthan.gov.in/mcjn)

क्रमांक प. 2 ( ) / IRGY-Urban / जोध./2022/6403 दिनांक 8/07/2022

संशोधित विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार के द्वारा की गयी मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत लागू इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY - Urban) के तहत् स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा जारी मार्गदर्शिका के बिन्दु संख्या 10 अनुसार प्रत्येक नगरीय निकाय स्तर पर इस योजना का IRGY - Urban प्रकोष्ठ गठित करने के क्रम में निम्नांकित विशेषज्ञ संविदा कार्मिकों को नियोजन किये जाने हेतु जोधपुर जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों (नगर निगम जोधपुर उत्तर, नगर निगम जोधपुर दक्षिण और नगर पालिका फलोदी, पीपाड सिटी, भोपालगढ, बिलाडा, जिला जोधपुर) में निम्नलिखित पदो के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु इस कार्यालय की पूर्व विज्ञप्ति क्रमांक 3868 दिनांक 08.6.22 में पुनः संशोधन करते हुए आवेदन निम्न अनुसार आमंत्रित किये जाते है -

क्र. सं.	पद का नाम	शैक्षणिक योग्यता	मानदेय (प्रति माह) रूपये में	संविदा पदों की संख्या						
				नगर निगम जोधपुर उत्तर	नगर निगम जोधपुर दक्षिण	नगर पालिका, पीपाड सिटी	नगर पालिका, भोपालगढ,	नगर पालिका, बिलाडा	नगर पालिका, फलोदी	जोधपुर जिले के कुल पद
1	कनिष्ठ तकनीकी सहायक	सिविल अभियान्त्रिकी में डिग्री /डिप्लोमा (उत्तीर्ण)	20,000	5	5	2	2	2	2	18
2	लेखा सहायक	बी.कॉम./सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी)/ICWA(इन्टर) / कम्पनी सेक्रेटरी (इन्टर) (उत्तीर्ण)	12,000	3	3	2	2	2	2	14
3	M.I.S. मैनेजर	BCA (उत्तीर्ण)	12,000	3	3	1	1	1	1	10
4	शहरी रोजगार सहायक	स्नातक (उत्तीर्ण) + RSCIT कोर्स (उत्तीर्ण)	7,500	7	7	2	2	2	2	22
5	मशीन विथ मैन	सीनियर सैकण्डरी (उत्तीर्ण) + RSCIT कोर्स (उत्तीर्ण)	8200	5	5	2	2	2	2	18
6	मल्टी टास्क वर्कर/होम गार्ड	सैकण्डरी (उत्तीर्ण) + कम्प्युटर बैसिक ज्ञान	7000	5	5	2	2	2	2	18

उक्त नियुक्तियां कार्मिक विभाग राजस्थान की अधिसूचना No. F.17(4)DOP/A-2/2014 Jaipur, dated : 11-01-2022 वित विभाग की आई. डी. संख्या 172200740 दिनांक 24/06/2022 एवं स्वायत्त शासन विभाग के दिशा निर्देश पत्रांक 3692-3724दिनांक 31/05/2022 एवम् पत्रांक 287-319 दिनांक 05/07/2022 के अनुरूप आमंत्रित की गई है। संविदा पदों पर वर्ग वार आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार रहेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय शैक्षणिक / जाति प्रमाण-पत्र आदि दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 14/07/2022 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 25/07/2022 को सांय 05:00 बजे तक कार्यालय समय में व्यक्तिशः, नगर निगम जोधपुर, कार्यालय में स्थित एकल खिडकी नगर निगम जोधपुर उत्तर में प्रस्तुत कर सकते है अथवा इस कार्यालय की ई-मेल आई. डी. nnjn.irgy@gmail.com पर भिजवा सकते है। विज्ञप्ति से संबंधित अन्य सूचना / आवेदन प्रपत्र नगर निगम जोधपुर उत्तर, की बेवसाईट www.urbanrajsthan.gov.in/mcjn से प्राप्त की जा सकती है।

(राजेंद्र सिंह कविया)
आयुक्त नगर निगम जोधपुर उत्तर, एवं
सदस्य सचिव (IRGY Urban), जोधपुर